टीसीएस आईटी विज 29 को

इंदौर, 10 अगस्त. आईटी सेवाओं, परामर्श और बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने घोषणा की कि स्कूली स्तर पर होने वाले.देश के सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज-2017 के अहमदाबाद एडिशन का आयोजन 29 अगस्त को इंदौर में किया जाएगा. यह आयोजन खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैम्पस में, आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में होगा. इस क्विज के आयोजन में कक्षा 8-12 तक में पढ़ने वाले सभी स्कूली छात्रों को भाग लेने की पात्रता होगी. इसके लिए प्रत्येक शिक्षण संस्थान अधिक से अधिक 8 टीमें भेज सकता है। प्रत्येक टीम दो सदस्यों की होगी. इस आयोजन में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं रखा गया है. टीसीएस आईटी विज 2017 का आयोजन देशभर में 12 विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, जिनमें अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर तथा पुणे शामिल हैं। क्विज का हिस्सा बनने के इच्छुक संस्थानों को अपनी इंट्रीज 26 अगस्त या उससे पूर्व सोनू शाह, टीसीएस आईटी विज कोऑर्डिनेटर, मैचबॉक्स, वसंत विहार पर या वेबसाइट के माध्यम से जमा करवा सकते हैं.